प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

28 जून 2024

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – मई 2024

मई 2024[1] महीने के लिए 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़े, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 95 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर खाद्येतर बैंक ऋण[2] में मई 2024[3] में 16.2 प्रतिशत की संवृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 15.5 प्रतिशत थी।

बैंक ऋण[3] के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों हेतु प्रदत्त ऋण में संवृद्धि एक वर्ष पहले के 16.0 प्रतिशत से बढ़कर मई 2024 में 21.6 प्रतिशत (व-द-व) हो गई।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में मई 2024 में 8.9 प्रतिशत (व-द-व) की वृद्धि हुई, जबकि मई 2023 में यह 6.0 प्रतिशत थी। मई 2024 में प्रमुख उद्योगों में, 'सभी इंजीनियरिंग', 'रसायन और रासायनिक उत्पाद', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'बुनियादी ढांचे' और 'कपड़ा' की ऋण संवृद्धि (व-द-व) में तेजी आई। तथापि, 'मूल धातु और धातु उत्पाद' और 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद तथा परमाणु ईंधन' की ऋण संवृद्धि धीमी हुई।
- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में संवृद्धि मई 2024 में 20.7 प्रतिशत (व-द-व) पर मजबूत थी (एक वर्ष पूर्व 21.3 प्रतिशत), जो 'वाणिज्यिक स्थावर संपदा' 'परिवहन ऑपरेटरों' और 'व्यावसायिक सेवाओं' हेतु प्रदत्त ऋण में बेहतर संवृद्धि के कारण थी। तथापि, 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)' की ऋण संवृद्धि मई 2023 की तुलना में मई 2024 में मंद हुई।

---

[1] आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।

[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा-42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

[3] किसी बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को छोड़कर।

- वैयक्तिक ऋणों की संवृद्धि एक वर्ष पहले के 19.1 प्रतिशत से घटकर मई 2024 में 17.8 प्रतिशत (व-द-व) हो गई, जो 'अन्य वैयक्तिक ऋणों' में मंद संवृद्धि के कारण थी। इस खंड के सबसे बड़े घटक 'आवास' की ऋण संवृद्धि में तेजी आई।

अजीत प्रसाद

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/581

उप महाप्रबंधक (संचार)